शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय

पाटन, जिला – दुर्ग (छ.ग.)

हिन्दी – विभाग

एक दिवसीय कार्यशाला

संगीत और काव्य का अंतःसंबंध : प्रयोगात्मक परिप्रेक्ष्य

दिनांक – 05.12.2022

समय : दोप. 2.00 बजे

आयोजक : हिन्दी – विभाग एवं IQAC

शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
पाटन, जिला – दुर्ग (छ.ग.)
हिन्दी – विभाग
एक दिवसीय

शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
पाटन, जिला – दुर्ग (छ.ग.)
हिन्दी – विभाग
एक दिवसीय

एकाग्रता बढ़ाने का कार्य करता है संगीत : ओएसडी आशीष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाटन

- एक दिवसीय संगीत और काव्य की अनुपम कार्यशाला आयोजित

संयमित, एवं सफल जीवन शैली के निर्माण में हमें संगीत द्वारा काफी सहायता मिलती है जिससे कि संगीत हमारे जीवन निर्माण में और भी अच्छा करने का कार्य करता है। जो सभी नकारात्मक विचारों को हटाकर मनुष्य की एकाग्रता की शक्ति को बढ़ाने का कार्य भी करता है यह बातें कालेज में आयोजित कार्यक्रम में ओएसडी आशीष वर्मा ने कही।

शास. चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन में हिंदी विभाग द्वारा एक दिवसीय संगीत और काव्य की अनुपम कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओएसड़ी मुख्यमंत्री आशीष वर्मा, कार्यक्रम की अध्यक्षता भूपेन्द्र कश्यप, अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पाटन महाविद्यालय, विशेष अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य भजन सिंह छाबड़ा, कांग्रेस नेता संदीप कश्यप, उमाशंकर निर्मलकर सदस्य जनभागीदारी महाविद्यालय पाटन सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

कलाकारों को दी 10 हजार की सम्मान राशि

एक दिवसीय संगीत कार्यशाला की शुरुआत में संगीत विद्या की देवी मा सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना अतिथियों द्वारा किया गया। साथ ही खैरागढ से आए हुए गुरुजनों, कलाकारों का सम्मान ओएसडी आशीष वर्मा ने किया। श्री आशीष द्वारा खैरागढ से आये सम्मानित कलाकारों को 10 हजार रु. की सम्मान राशि सहयोग व सम्मान के रूप मे प्रदान भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष वर्मा ने अपने सम्बोधन मे साहित्य, काव्य शास्त्र की ओर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी छात्र छात्राओ को उत्साह, मनोबल को बढाने के लिए महाविद्यालय को शुभकामनाए दी। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे मानव जीवन मे सम्प्रेषण के लिए संगीत बहुत ही सशक्त व शक्तिशाली माध्यम है और सभी लोगों तक काफी सकारात्मक संदेश हम संगीत के माध्यम पहुचा सकते है। इस अवसर पर हिंदी साहित्य की प्राध्यापिका रुक्मणी साहू, साधना राहट गावकर एवं महाविद्यालय के अन्य प्रोफेसर, पूर्व एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष आयुष टिकरिहा, पूर्व विधानसभा महासचिव सौरभ वर्मा, वर्तमान एनएसयूआई पाटन विधानसभा अध्यक्ष युवराज साहू, एनएसयूआई छात्र नेता डेविड बघेल, योगेंद्र भारतीय, पंकज यादव, इकेश वर्मा, निमेश ठाकुर, बोनू नागवंशी, देवा कुमार, रीतिक वर्मा, सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।